बनती हैं। इमेज को रिकॉर्ड करने के लिए स्पेशल मोशन पिक्चर कैमरे का प्रयोग किया जाता है। बताया कि मोशन पिक्चर का स्टीरियोस्कोपिक युग 1890 के अंत में शुरू हुआ, जब ब्रिटिश फिल्मों के पुरोधा विलियम ग्रीन ने थ्री डी प्रक्रिया का पेटेंट किया। फ्रेडरिक युजीन आइव्स ने स्टीरियो कैमरा रिग का पेटेंट 1900 में कराया। इस कैमरे में दो लैंस लगते थे, जो एक दूसरे से 3 से 4 इंच की दूरी पर होते थे। अध्ययन दौरे के अंतिम चरण में, एजेंडे में वन अनुसंधान संस्थान का दौरा शामिल रहा। छात्र एफआरआई की अद्भुत वास्तुकला से मंत्रमुग्ध थे। छात्रों और शिक्षकों ने एफआरआई परिसर में विभिन्न संग्रहालयों का दौरा किया। इनमें पादप रोगविज्ञान, सामाजिक वानिकी, सिल्विकल्चर, पादप उत्पाद, तैयार लकड़ी के उत्पाद, गैर-लकड़ी के वन उत्पाद, एंटोमोलॉजी संग्रहालय, लकड़ी संग्रहालय और कीड़े और तितलियाँ शामिल थीं। हाइलाइट्स में अफशां जैदी द्वारा सुंदर पशु और पौधों के चित्र, पेड़ों के औषधीय उपयोग पर प्रदर्शन और 700 साल पुराने देवदार के पेड़ का एक क्रॉस सेक्शन शामिल था। भ्रमण दल में डॉ. निशा पाल, डॉ. विनीता कश्यप, डॉ. अलका हरित और डॉ. अक्षय गौतम आदि शामलि रहे।

19.03.2023 मदरलैंड न्यूज़ पेपर



# हर्ष पीजी कॉलेज में दो दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान संगोष्ठी सम्पन्न

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह एवं सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए रसायन विज्ञान विभाग को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पालीवाल ने वक्ताओ, प्रतिभागियों को बधाईया देते हुए कार्यक्रम के सफल, फलदायी होने की कामना की। यूसरक द्वारा अनुदानित इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश से सम्मलित हुए विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानो द्वारा रसायन विज्ञान मे चल रहे अनुसंधानो को अपने व्याख्यानो द्वारा लाभान्वित किया। सेमिनार में अमेरिका में शोध कर रहे, श्रीलंकाई प्रोफेसर ऐसीए, इंग्लैंड विश्वविधालय से डॉ. रुपिंदर कुमार, गुजरात से विश्वविधालय के डॉ. मानसिंह, आइआइएसइआर भोपाल से डॉ. संगीत कुमार, आइआइपी देहरादून से डॉ. नीरज कुमार आत्रे, केरला विश्वविधालय से प्रोफेसर स्वप्ना टीएस, बनारस हिन्दू विश्वविधालय से डॉ. सुमन कुशवाहा, डीएवी पीजी कॉलिज से डॉ. प्रशांत, अलीगढ विश्वविधालय से डॉ. फरमान अली, हर्ट बटलर विश्वविधालय से संतोष कुमार, अमेटी विश्वविधालय से डॉ. किरण, बिट्स पिलानी से प्रोफेसर राजीव सखूजा, एमआईटी कॉलेज से डॉ. अनुराग चौधरी, हेमनती नंदन बहुगुणा विश्वविधालय, श्रीनगर से डॉ. पीके होटा आदि प्रबुद्ध विधाओ ने शोध क्षेत्रो मे चल रहे अंतरराष्ट्रीय स्तरीय तथ्यो से अवगत कराया। कार्यक्रम का मंचन जूम प्लेटफॉर्म पर किया गया। डॉ. प्रियंका, डॉ. अलका द्वारा मंचन किया गया। देश-विदेश से सम्मलित शोध प्रतिभागियों ने अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार आयोजक डॉ. हेमंत पंवार ने संगोष्ठी का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि उत्तराखंड राज्य मे विद्यार्थीयों में यदि शोध के प्रति आकर्षण जगाना हैं तो ऐसे कार्यक्रम होना नितांत आवश्यक हैं। सह-आयोजक डॉ. प्रदीप ने शोध की निरन्तरता पर जोर देते हुये विचार प्रस्तुत किये। डॉ. प्रियंका, डॉ. अलका के अनुसार ऐसी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों में रिसर्च के लिए नये विचार विकसित होते हैं। संगोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय के डॉ. राहुल कौशिक, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. परीक्षित और अन्यो ने सहयोग किया।

20.03.2023 मदरलैंड न्यूज़ पेपर

BREAKING NEWS
बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
21–मार्च–2023 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960



संजय कुमार राजपूत

# हर्ष कॉलेज के शिक्षक को मिला" मोबाइल वायरलेस सर्विलांस रोबोट' आविष्कार करने का पेटेंट

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष पीजी कॉलेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास तायल को वायरलेस सर्विलांस रोबोट" आविष्कार करने का बौद्धिक संपदा अधिकार, भारत सरकार से पेटेंट मिला है। डॉ. विकास तायल ने एक रोबोट विकसित किया गया है जो वायरलेस मोटिव के साथ संबंधित बहुउद्देशीय एप्लिकेशन के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसका मुख्य उपयोग आसपासी वातावरण में विभिन्न परिस्थितियों के निगरानी के लिए होता है। एक कॉस्ट इफेक्टिव चार पहियों वाले निगरानी रोबोट का डिज़ाइन किया जो रैस्पबेरी पाई माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग करता है जिसमें सर्वोमोटर, डीसी मोटर, आरसी प्राप्त करने और भेजने वाले प्रत्येक प्रकार के विभिन्न सेंसर आदि शामिल होते हैं। एक उच्च रेज़ोल्यूशन वीडियो कैमरा रोबोट के साथ जुड़ा होता है ताकि आसपास की छवियों और वीडियो का अधिग्रहण किया जा सके। स्थितिगत छवियों और वीडियों को देखकर, उपयोगकर्ता को वातावरण की विचारों की जानकारी मिलती है। यह सिस्टम उन क्षेत्रों में मॉनिटरिंग के लिए बहुत उपयोगी है जहां इंटरनेट कनेक्शन नहीं होता है और भी किसी आपदा के दौरान संचार सिस्टम के बिगड़ने की स्थिति होती है। यह आविष्कार रिमोट ऑपरेशन के लिए एंड्रॉइड एप्लिकेशन का उपयोग करके रोबोटिक वाहन विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो मॉनिटरिंग के उद्देश्य से वायरलेस कैमरे से संलग्न होता है। कैमरे के साथ रोबोट वायरलेस तरीके से रीयल टाइम वीडियो को रात्रि दृष्टि क्षमताओं के साथ ट्रांसमिट कर सकता है। यह रोबोट युद्ध क्षेत्रों में जासूसी के उद्देश्यों के लिए उपयोगी हो सकता है। वाई-फाई तकनीक अन्य तकनीकों की तुलना में नई है और इसके विकास और व्यावहारिक अनुप्रयोग की बहुत बड़ी संभावना है। मोबाइल डिवाइस पर लोड किए गए एंड्रॉयड एप्लिकेशन सुरक्षा सिस्टम से कनेक्ट हो सकते हैं और उपयोग में! आसान होता है।" डॉ विकास तायल की इस उपलब्धि के लिए प्रबंध समिति, कॉलेज के प्राचार्य और और सभी प्राध्यापक बधाई के साथ शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए आगामी भविष्य में ऐसी उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# स्वयंसेवियों ने रैली निकाल किया नशा मुक्ति को जागरूकता

» मदरलैंड संवाददाता

लक्सर! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एंटी ड्रग्स समिति के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया! महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह, सचिव, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हर्ष कुमार दौलत, प्राचार्य डॉ. आरसी पालीवाल ने राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण एवं जागरूकता का भाव जागृत करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि, एंटी ड्रग्स कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. अजीत राव द्वारा नशा मुक्ति जागरूक अभियान पर प्रेरणादायक, सारगर्भित व्याख्यान देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीओं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपिका भट्ट एवं डॉ. अतुल कुमार दुबे द्वारा विशेष शिविर के तीसरे दिन को सफल बनाने के लिए टोलीवार लक्ष्मीबाई, भागीरथी, दुर्गा, शिवाजी, संगम) नशा मुक्ति अभियान पर निकाली जाने वाली रैली का उत्तरदायित्व दिया गया। शिविर में स्वयंसेवी के सद्भाव और समर्पण के भाव को देखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सरला भारद्वाज, डॉ. दुर्गा रजक, डॉ. प्रियंका सैनी, डॉ विनीता दहिया उत्साहवर्धन किया!




**24.03.2023** मदरलैंड न्यूज़ पेपर




GPS Map
Camera Lite
M3M6+VRH, Raisi, Uttarakhand 247671, India
Latitude
29.68566753°
Longitude
78.06124139°
Local 11:11:24 AM
GMT 05:41:24 AM
Altitude 233 meters
Friday, 24.03.2023








Save Water
Save Life

BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
24-मार्च-2023 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960





संजय कुमार राजपूत

## क्षेत्रीय जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आमंत्रित उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखंड जल संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सफल कार्यशाला बनाने के लिए महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ के पी सिंह, सचिव/ लक्सर ब्लॉक प्रमुख डॉ हर्ष कुमार दौलत, प्राचार्य डॉ आर सी पालीवाल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यूकोस्ट देहरादून के प्रोफेसर प्रशांत सिंह डॉक्टर सी के जैन प डॉक्टर भवतोष शर्मा डॉ अजीत राव गरिमामय उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ शुभारंभ किया गया।जल की गुणवत्ता एवं परख पर चलाई गई कार्यशाला से हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को आत्मसात कर समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यशाला प्रशिक्षण हेतु आए हुए प्रबुद्ध गणमान्य डॉक्टर सी के जैन ,डॉ प्रशांत सिंह एवं डॉ भारतोष शर्मा ने वर्तमान समय में जल की गुणवत्ता उसकी परख और प्रबंधन कैसे किया जाए इसके लिए प्रोजेक्ट के माध्यम से क्षेत्रीय विभेदीकरण के आधार पर जल के अवनयन में विविधता के कारण और प्रभाव पर अपने उपयुक्त विचार प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला को सफल बनाया महाविद्यालय के प्राचार्य पालीवाल ने सभी प्रतिष्ठित गणमान्य का स्वागत करते हुए कहा कि जल संसाधन के प्रदूषित होने की परत एवं संरक्षण हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है जिसके माध्यम से हम समाज को जल ही जीवन है इस वक्त भी को साकार बना सकते हैं डॉ अजीत राव ने प्रतिष्ठित मंच को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सर्वविदित पंचतत्व जिससे हमारे शरीर की रचना हुई है उसी में एक तत्व जल भी है जिसका अस्तित्व आज खतरे में है अतः इस प्रबुद्ध विद्वानों द्वारा चलाई गई कार्यशाला प्रशिक्षण से हमारा महाविद्यालय परिवार जल की गुणवत्ता की परख और जांच जल से होने वाली बीमारियां के आमंत्रण से परिवार और समाज को बचा सकता है। इस कार्यशाला का सफल संचालन करते हुए डॉक्टर मंजू रानी द्वारा किया गया इसके साथ साथ महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ स्मृति गोपाल डॉक्टर सारिका महेश्वरी डॉक्टर नरेंद्र ने कार्यकाल को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के लिए सभी प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

BREAKING NEWS

# बुलन्द वाणी

मजलूमों की आवाज़...

Facebook & Youtube Buland Vani News

25–मार्च–2023 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960




संजय कुमार राजपूत

# G–20 बैठकों के सन्दर्भ में जलवायु परिवर्तन के आयाम एवं परिणाम विषय पर हुआ व्याख्यान।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पी जी कॉलेज रायसी के भूगोल विभाग द्वारा उत्तराखंड में आगामी "G-20" बैठकों के सन्दर्भ में जलवायु परिवर्तन के आयाम और परिणाम विषय पर पीपीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । व्याख्यान के पशचात क्विज़ एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया जिसमे 160 से अधिक छात्र एवम छात्राओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ के पी सिंह ,सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर .सी .पालीवाल तथा इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार राव द्वारा किया गया। जलवायु परिवर्तन पर आयोजित इस व्याख्यान और प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में भूगोल विषय के प्रति समझ विकसित करना है । डॉ सरला भारद्वाज ने अपने व्याख्यान में बताया कि जलवायु परिवर्तन आज एक वैश्विक समस्या है। दुनिया भर में जलवायु में निरंतर परिवर्तन हमारे पर्यावरण और समाज के लिए खतरा है और कोई स्पष्ट उपाय नहीं है। यह तापमान में लगातार वृद्धि के कारण हो रहा है जो मानव जाति के लिए बहुत ही हानिकारक है क्योंकि यह सीधे हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। तापमान में अचानक वृद्धि कमी के कारण जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर अत्यधिक सूखा, बाढ़, भूस्खलन और तूफान आदि आते हैं। डॉ मुरली सिंह ने कहा कि जलवायु में परिवर्तन के विभिन्न परिणाम हैं और सबसे भयानक वायु और पानी में प्रदूषण है, जो जीवन की सबसे आवश्यक आवश्यकताएं हैं। अल्ट्रा-वायलेट किरणें और उच्च तापमान ग्राउंड-लेवल ओजोन को बढ़ाते हैं, जिससे फेफड़ों के ऊतकों को नुकसान हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप फेफड़ों की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। डॉ अतुल कुमार दुबे ने कहा किजलवायु हर व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है और प्रतिकूल तापमान वृद्धि के माध्यम से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। प्राचार्य महोदय ने छात्र छात्राओं को जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन क्षरण वायुमंडलीय प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन से मानव जीवन तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति सचेत किया। उपप्राचार्य डॉ अजीत रॉव ने भूगोल के छात्र छात्राओं को जलवायु परिवर्तन के आयाम और परिणाम के विषय मे बताते हुए कहा कि सभी को जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है।इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग डॉक्टर दुर्गा रजत द्वारा दिया गया। प्रतियोगिताका निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए डॉ मीनू सैनी, डॉ अक्षय, डॉ दुर्गा रजक ने निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए प्रभात कुमार को प्रथम स्थान तथा रितु को द्वितीय स्थान दिया गया।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

**सम्पर्क करें**

राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

BREAKING NEWS

# बुलन्द वाणी

Facebook & Youtube Buland Vani News

मजलूमों की आवाज़...

26–मार्च-2023 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960





संजय कुमार राजपूत

## भूगोल विभाग के स्नातक छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वेक्षण कर किया गया शिशु जनसंख्या एवं साक्षरता पर प्राथमिक आंकड़ों का संग्रहण।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के भूगोल विभाग के स्नातक छात्र-छात्राओं द्वारा रायसी गांव में सर्वेक्षण के साथ शिशु जनसंख्या एवं साक्षरता पर प्राथमिक आंकड़ों का संग्रहण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत प्राचार्य डॉ सी पालीवाल ने भूगोल के छात्र छात्राओं को पर्यटन,क्षेत्रभ्रमण एवं सर्वेक्षण के प्रति आकर्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल कुमार दुबे ने बताया कि हमारे छात्र छात्राओं ने साक्षात्कार,प्रश्नावली एवं प्रश्न उत्तरी विधि का प्रयोग करते हुए आंकड़ों का संग्रहण किया। इस प्रकार के क्षेत्र सर्वेक्षण से भूगोल के छात्र-छात्राओं में भूगोल के प्रति अभिनव प्रवृत्ति जागृत होती है। विभाग की सहप्रभारी डॉ सरला भारद्वाज ने कहां की क्षेत्र सर्वेक्षण एवं आंकड़ों के संग्रहण से उस क्षेत्र की यथावत स्थिति को जानकर उसे राष्ट्रीय एवं राज्य द्वारा चलाई गई योजनाओं से लाभान्वित करा सकते हैं।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर मुरली सिंह द्वारा छात्र छात्राओं को सर्वेक्षण और साक्षात्कार से छात्र-छात्राओं में सृजनात्मकता का संचार जागृत होता है साथ ही साथ क्षेत्रीय विविधता का ज्ञान भी हो जाता है। क्षेत्र सर्वेक्षण में निशांत चौहान, प्रभात चौहान, आकांक्षा कल्पना आदि छात्र छात्राओं ने अपने उत्तरदायित्व का बखूबी से निर्वहन किया



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

**सम्पर्क करें**

राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# उत्तराखंड की प्रमुख जनजातियों का इतिहास जाना

लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के 40 छात्र-छात्राओं ने देहरादून का शैक्षिक भ्रमण किया। वहां छात्रों ने उत्तराखंड की प्रमुख जनजातियों के इतिहास, वर्तमान के अलावा उनकी समस्याओं की जानकारी की। कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग की ओर से स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के 40 छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. कुंवरपाल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. प्रभावती व सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत और प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. निशा पाल, डॉ. विनिता कश्यप, डॉ. सुरजीत कौर, डॉ. हरीश राम व डॉ. मनोज छोकर के नेतृत्व में गए छात्रों ने उत्तराखंड की थारू, बुक्सा, जौनसारी, भोटिया और राजी जनजाति के बारे में जानकारी जुटाई। यहां विपिन, अंजलि, प्रियंका, पूजा, प्रीति, शीतल, पायल, अजीत, मोनिका, कोमल, आरती, निखिल रहे। संवाद





BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube
Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
25-मार्च-2023 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960



संजय कुमार राजपूत

## विशेष शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवियों द्वारा बेरोजगारी एवं शिक्षा विषय पर ग्रामीणों को किया जागरूक।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन महाविद्यालय के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत और प्राचार्य डॉक्टर आरसी पालीवाल के नेतृत्व में चयनित शिविर स्थल के क्रियाकलाप के निरीक्षण के साथ की गई। स्वयंसेवियों द्वारा बेरोजगारी एवं शिक्षा विषय पर जागरूक करते हुए हबीबपुर कुड़ी ग्रामपंचायत में घर घर जाकर साक्षात्कार एवं प्रश्नावली के माध्यम से प्राथमिक आंकड़े इकट्ठा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका भट्ट और डॉ अतुल कुमार दुबे सदस्य डॉक्टर दुर्गा रिजेक्ट डॉक्टर प्रियंका सैनी डॉक्टर सरला भारद्वाज डॉक्टर अजीत राव के सानिध्य में यह सर्वे का कार्य संपन्न किया गया शिविर के बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि डॉ अलका हरित द्वारा जल प्रदूषण संरक्षण एवं संवर्धन पर सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया इसके साथ साथ डॉ विकास तायल द्वारा पेटेंट मोबाइल सर्विलांस रोबोट की उपयोगिता पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय के सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत द्वारा चयनित क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया और उनके द्वारा सुंदर कार्य व्यवहार करने वाले स्वयंसेवी ओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

पर उनके द्वारा ही अभियान चलाया जाता है और आगे रुड़की नगर निगम कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एनएसएस छात्रों ने नशे के प्रति किया लोगों जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कॉलेज रायसी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के बच्चों व स्वंयसेवी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया है। डॉ. कुंवर पाल सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। इसमें नशे के खिलाफ बच्चों के लिए शिक्षा और बेरोजगारी दूर करनेके लिए हबीबपुर ग्राम पंचायत के लोगों को जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत देश में नशे ने पूरी तरह से नौजवान युवाओं को जकड़ लिया है। नशे को खत्म करने के लिए और अन्य कार्य के लिए यह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

हबीबपुर कुड़ी के ग्राम प्रधान प्रवीण चौधरी ने कहा कि जिस तरह से डिग्री कॉलेज की ओर से यह नुक्कड़ नाटक करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है, उसका हम तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और हमसे जो भी बन सकेगा। उसमें पूरा सहयोग करेंगे क्योंकि नशा एक बहुत बुरी चीज है। इस नुक्कड़ नाटक में आरसी पालीवाल, डॉ. अतुल कुमार दुबे डॉ. दीपिका भटट डॉ. विनीता दहिया अन्य सैकड़ों बच्चों ने सहयोग किया। हबीबपुर कुड़ी के ग्रामवासियों ने जमकर प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि हम भी नशे के खिलाफ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और अपने गांव व क्षेत्र से नशा खत्म करने के लिए हर तरह की कोशिश करेंगे।

















RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

28-मार्च-2023

संजय कुमार राजपूत







# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का किया गया भव्य समापन।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन किया गया। शिविर का सफल समापन में महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत प्राचार्य डॉक्टर आरसी पालीवाल उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभावती कोषा अध्यक्ष श्री निशांत कुमार मुख्य अतिथि के रुप में पधारे कोतवाल लक्सर अमरजीत सिंह एवं हबीबपुर कुड़ी के प्रधान श्रीमती सुधा देवी एवं उनके पति श्री प्रवीण जी एवं ग्राम पंचायत सदस्य हबीबपुर श्री कपिल चौधरी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका भट्ट ने सातो दिनों की आख्या प्रस्तुत की जिसमें संपन्न कराए गए सभी कार्यों का विवरण मुख्य अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया गया। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा पोस्टर, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिताओं का सुंदर आयोजन किया गया और उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा समापन समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप में प्रतिभाग कर रहे सभी स्वयंसेवियों को उनके कार्यों के अनुसार उत्कृष्ट प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए और भूतपूर्व छात्राएं जो कि वर्तमान स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करने के लिए सातों दिन उनके साथ उपस्थित थे उनको भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वयंसेवीयो द्वारा स्वादिष्ट भोजन के माध्यम से सभी अतिथियों को स्वागत के लिए आमंत्रित किया गया और सभी अतिथियों ने स्वयंसेवी द्वारा बनाई गई भोजन की प्रशंसा करी और सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक, सचिव एवं प्राचार्य द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया ग्राम प्रधान हबीबपुर कुड़ी श्रीमती सुधा देवी ने भी सभी बच्चों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका भट्ट एवं सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ अतुल कुमार दुबे ने सभी मुख्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने अपने मूल्यवान समय में से समय निकाल कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और उनके स्वयंसेवी का उत्साह वर्धन किया एवं सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया और सब को बधाइयां दी सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम को सफल एवं संपन्न करने के लिए। समापन के सम्मानित मंच से स्वयंसेवकों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के लिए सुंदर कार्य व्यवहार अनुशासन ,साफ सफाई, मुक कार्यकर्ता, पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता , कविता, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यों के लिए मेडल से सम्मानित किया गया।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

26.03.2023 Dainik news24x7



**लक्सर/उत्तराखंड**

लक्सर हर्ष डिग्री कॉलेज रायसी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के बच्चों व स्वंयसेवी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया है हर्ष डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष डॉ कुंवर पाल सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा यह योजना चलाई जा रही है इसमें नशे के खिलाफ बच्चों के लिए शिक्षा और बेरोजगारी दूर करनेके लिए हबीबपुर पुरी ग्राम पंचायत के लोगों को जागरूक किया गया है उन्होंने बताया कि भारत देश में नशे ने पूरी तरह से नौजवान युवाओं को जकड़ लिया है नशे को खत्म करने के लिए और अन्य कार्य के लिए यह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि जिस घर में नशा घुस जाता है वह बर्बाद हो जाता है उन सभी घरों को सुरक्षित बचाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को जागरूक किया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि अगर अपने घर को सुरक्षित रखना है तो शिक्षा पर भी ध्यान देना पड़ेगा और नशे से बचके रहना पड़ेगा इस नुक्कड़ नाटक में हबीबपुर कुड़ी के ग्राम प्रधान प्रवीण चौधरी ने कहा कि जिस तरह से हर्ष डिग्री कॉलेज की ओर से यह नुक्कड़ नाटक करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है उसका हम तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और हमसे जो भी बन सकेगा उसमें पूरा सहयोग करेंगे क्योंकि नशा एक बहुत बुरी चीज है इस नुक्कड़ नाटक में जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें डॉक्टर आरसी पालीवाल प्राचार्य हर्ष डिग्री कॉलेज रायसी डॉ अतुल कुमार दुबे डॉक्टर दीपिका भट्ट डॉ विनीता दहिया अन्य सैकड़ों बच्चों सहित नुक्कड़ नाटक कराने में शामिल रहे जिसका हबीबपुर कुड़ी के ग्राम वासियों ने जमकर प्रशंसा की उन्होंने यह भी कहा कि हम भी नशे के खिलाफ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और अपने गांव व क्षेत्र से नशा खत्म करने के लिए हर तरह की कोशिश करेंगे।






**27.03.2023**

## भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं चुनौतियां और अवसर पर समाजशास्त्र विभाग और गृह विज्ञान के समन्वय से हुआ एक दिवसीय कार्यक्रम।

हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार उत्तराखंड में समाजशास्त्र विभाग और गृह विज्ञान के समन्वय से भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं चुनौतियां और अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ के पी सिंह ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महाविद्यालय के सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा की स्वास्थ्य ही संपत्ति है के आधार पर बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुरजीत कौर ने बच्चों को भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं आयुष्मान भारत योजना पर बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया। डॉ निशा पाल ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर पीपीटी और वीडियो के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी। गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ अंजू बर्चीवाल ने भी भारत में ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए डॉ हरीश राम ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और आयुष्मान भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल के बारे में बच्चों को रूबरू कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों डॉ अजीत राव,डॉ प्रशांत,डॉ विनीता कश्यप, डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रमोद, डॉ अक्षय गौतम डॉ प्रक्षित, डॉ विक्रम, डॉ ललित मोहन, डॉ कुलदीप,डॉ कृष्णपाल तोमर का सहयोग रहा।



# हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी मैं वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा साइंस सेंटर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

Dainik news24x7




लक्सर/उत्तराखंड 29.03.2023

लक्सर क्षेत्र के हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी मैं वनस्पति विज्ञान धाम देहरादून स्थित रीजनल विभाग द्वारा साइंस सेंटर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव एवं ब्लाक प्रमुख डॉ हर्ष कुमार दौलत उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभावती एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया पीजी कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह ने कहा हम बच्चों को हर तरह से शिक्षा दे रहे हैं उन्होंने बताया छात्रों ने आंचलिक ज्ञान केंद्र में सुसज्जित विभिन्न माध्यमों के जरिए ज्ञान वर्धन किया हिमालयन गैलरी एवं जैव विविधता पार्क के जरिए छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों जैसे बांस की विभिन्न प्रजातियां महुआ कचनार आम की विभिन्न प्रजातियां आंवला इत्यादि से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की उन्होंने कहा बच्चों के साथ हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के हर टीचर अपनी मेहनत से अलग-अलग तरह तरह से बच्चों को ज्ञान दे रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि हम हर बच्चे को आगे बढ़ना देखना चाहते हैं वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें डॉ मंजू रानी डॉक्टर परीक्षित कुमार डॉ स्मृति कुशवाहा डॉक्टर सारिका डॉक्टर महेश्वरी डॉक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में सुसज्जित विभिन्न मॉडलों के जरिए ज्ञानवर्धक किया है।




असतो मा सद्गमय
G20
भारत 2023 INDIA
Azadi Ka Amrit Mahotsav
हर्ष विद्या मन्दिर (पी. जी.) कॉलेज, रायसी में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां


असतो मा सद्गमय
G20
भारत 2023 INDIA
Azadi Ka Amrit Mahotsav
हर्ष विद्या मन्दिर (पी. जी.) कॉलेज, रायसी में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां
MY DREAM CAMPUS

## List Of Add - On Certificate Programmes Organized During 2018-2023

| S. No. | Department | Course Title | Duration | Course Coordinator |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Physics | Applications of Semiconductors in Human Life | 4/11/2019 - 18/11/2019 | Dr Rahul Kaushik |
| 2 | Political Science | Fundamental Rights in Democracy | 4/12/2019 -18/12/2019 | Dr Manoj Kumar |
| 3 | History | Cultural History of Uttarakhand | 6/1/2020 - 21/1/2020 | Dr Ajit Kumar Rao |
| 4 | Sociology | Visual Sociology | 20/1/2020 - 5/2/2020 | Dr Nisha Pal |
| 5 | English | Art of Effective Communication Skill | 15/4/2020 - 30/4/2020 | Dr Poonam Rani |
| 6 | Botany | Public Health Management | 15/09/2020- 30/09/2020 | Dr. Sarika Maheshwari |
| 7 | Chemistry | Awareness to Water Pollution | 20/11/2020 - 05/12/2020 | Dr Alka Harit |
| 8 | Geography | Geographical Perspectives of Climate Change | 10/02/2022 - 25/2/2022 | Dr Murli Singh |
| 9 | Botany | Disaster Management | 11/04/2022 - 26/04/2022 | Dr Smirti Kukshal |
| 10 | Drawing and Painting | Craft and Design Textile | 11/04/2022 - 26/04/2022 | Dr Priti Gupta |
| 11 | Education | Yoga and Health | 21/12/2022 - 05/01/2023 | Dr K P Tomar |
| 12 | Drawing and Painting | Creative Photography | 10/02/2023 - 25/02/2023 | Dr. Shilpee |
| 13 | Chemistry | Cosmetic Products | 27/01/2023 - 10/02/2023 | Dr Pradeep Kumar |
| 14 | Hindi | हिंदी विकास कौशल | 10/02/2023 - 25/02/2023 | Dr Meenu Devi |
| 15 | Mathematics | Research Methodology | 26/02/2023 -18/03/2023 | Dr Neetu Ram |
| 16 | Drawing and Painting | Textile Printing | 27/01/2023 - 10/02/2023 | Dr Priya Pradhan |
| 17 | English | Creative Writing and its Utility in Modern Times | 9/03/2023 -23/03/2023 | Dr Pramod Kumar |

Dr R C Paliwal

Principal